कार्यालयःजिलाधिकारी, गाजियाबाद।

पत्रांकः 963/ रा0आ0–जि0घ0उ0 / 2023–24 दिनांकः 11-10-23

समस्त संबंधित
विभाग

जनपद–गाजियाबाद।

विषयः जिला घरेलू उत्पाद अनुमान को तैयार करने हेतु ऑकडों को उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

कृपया पत्र के साथ संलग्न निदेशक,अर्थ एवं संख्या, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या569 / रा0आ0–5 / 94 दिनांकः लखनऊःजून 03.10.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके दृष्टिगत जिला घरेलू उत्पाद अनुमानों को सुदृढ बनाया जाना नितान्त आवश्यक है।

अर्थ एवं संख्या प्रभाग,राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0 द्वारा घरेलू उत्पाद अनुमान में कतिपय खण्डों के अनुमान तैयार किये जाने हेतु जनपद स्तर से निम्न इंडिकेटर्स पर सूचनाओं की आवश्यकता है।

1. राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अन्तर्गत कुल कार्यरत कार्मिकों की संख्या तथा उनके वर्षान्तर्गत कोषागार के माध्यम से आहरित कुल वेतन एवं भत्ते।
2. जनपद में स्थापित केन्द्र सरकार के विभिन्न कार्यालयवार जैसे– महालेखाकार,केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, आयकर विभाग,रेलवे,सी.डी.ए.पेन्शन, एस.टी.पी.आई, सहित जनपद में स्थापित अन्य विभागों को सम्मिलित करते हुए कल कार्यरत कार्मिको की संख्या तथा उन्हें प्रदत्त कुल वेतन एवं भत्तें।
3. जनपद में स्वायत्तशासी संस्थानों में कुल कार्यरत कार्मिकों की संख्या तथा उन्हें प्रदत्त कुल वेतन एवं भत्तें।
4. स्थानीय निकाय (नगर निगम / नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत) में कुल कार्यरत कार्मिकों की संख्या तथा उन्हें प्रदत्त कुल वेतन एवं भत्तें।
5. जनपद में स्थापित कुल भंडार गृहों की कुल संख्या एवं क्षमता।

6- Total building map approval.

7- (1)Total revenue earned from water bodies activites like boat registration,boating etc.

(2)Length of navigable rivers.

8- Total No/ of advocates Registered in Bar Council Of UP.

अतः उक्त के कम में अपने विभाग से सम्बन्धित सूचना, पत्र के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप पर अंकित कर अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय,विकास भवन, गाजियाबाद(ईमेल–destogzb@gmail.com) को सॉफट कॉपी (Excel Sheet) व हार्ड कॉपी में दिनांकः 09.10.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(राकेश कुमार सिंह)
आई0ए0एस0
जिलाधिकारी
गाजियाबाद।

पत्रांक व दिनांकः उक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद।
2. उप निदेशक (अर्थ एवं संख्या) मेरठ मण्डल, मेरठ।
3. अर्थ एवं संख्याधिकारी, गाजियाबाद।

जिलाधिकारी
गाजियाबाद।